हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 3 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

# देर रात होलिका दहन, कल उड़ेगा रंग-गुलाल

**होलिका दहन की परंपरा प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ी**

- लकड़ियों और उपलों से सजाई होलिका को देर रात अग्नि दी गई
- फाल्गुन पूर्णिमा की रात लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की
- लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी
- कई स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भ्रदा के साये के चलते जिलेभर में सोमवार देर रात शहर के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया गया। सेक्टर-1, अर्बन अस्टेट, मॉडल टाऊन, डी-पार्क, रेलवे रोड, प्रेम नगर और पुलिस लाइन में होलिका दहन के कार्यक्रम में भारी भीड़ दिखाई दी। महिलाओं ने होली पूजन के बाद कच्चा सूत बांधकर होलिका की परिक्रमा की और आग लगते ही प्रह्लाद जिंदाबाद के नारों के साथ बुराई का प्रतीक होलिका जलती गई। इस दौरान नागरिक अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग ने आपातकालीन सेवाओं के लिए डॉक्टर और स्टाफ तैनात किए। पुलिस प्रशासन ने होलिका दहन को लेकर विशेष सावधानी बरती। जगह-जगह पुलिस को तैनात किए गए थे।

### सुख-समृद्धि की कामना

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आज होलिका दहन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। फाल्गुन पूर्णिमा की रात लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। होलिका दहन की परंपरा प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ी है। जगह-जगह लकड़ियों और उपलों से सजाई गई होलिका को अग्नि दी गई। श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए।प्रशासन ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।होलिका दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।कल सुबह से रंगों का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देंगे।

### सेक्टर-34 में फाग की जीवंत परंपरा

सेक्टर-34 में आज होली का पर्व परंपरागत उत्साह और सामूहिक सहभागिता के साथ मनाया गया। 10 वर्षों से चल रही होली दहन एवं 'फाग' खेलने की परंपरा इस वर्ष भी पूरे उल्लास के साथ निभाई गई। कार्यवाहक आरडब्ल्यूए प्रधान रमेश अहलावत ने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। होली दहन करते हैं, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों और रीति-रिवाजों से जुड़ती है।

## अलर्ट : 40 जगह नाके हुड़दंगियों की खैर नहीं

- नागरिकों से शांतिपूर्वक, हर्षोल्लास और सद्भावना के साथ त्योहार मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने होली व धुल्हंडी के पावन पर्व पर जिले में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं ताकि सभी नागरिक हर्ष, उल्लास और भाईचारे के साथ त्योहार मना सकें। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना-चौकी प्रभारियों, सीआईए स्टाफ, महिला पुलिस और यातायात पुलिस को अलर्ट रहने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि होली व धुल्हंडी के दिन कानून और शांति बनाए रखने के लिए रोहतक शहर में प्रभावी नाकाबंदी और गश्त की जाएगी। शहर के अलग-अलग स्थानों को चिन्हित करते हुए करीब 40 नाकाबंदी स्थल बनाए गए हैं।

### असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर

पुलिस ने चेतावनी दी है कि कुछ शरारती तत्व होली के दिन बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर सड़क पर हुड़दंग करते हैं और साइलेंसर से पटाखों की आवाज उत्पन्न कर लोगों को डराते हैं। ऐसे युवकों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेगी।

## फाग के दिन सुबह 10 बजे के बाद रोडवेज बस की सेवाएं रहेंगी बंद

**लोकल रूट पर बसें पूरी तरह रद्द, लंबी दूरी की बसें गंतव्य पर ही करेंगी अंतिम स्टॉप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



फाग पर्व के मद्देनज़र कल सुबह 10 बजे के बाद रोडवेज बस सेवाओं में व्यापक बदलाव किया गया है। प्रशासनिक निर्णय के तहत स्थानीय रूटों पर चलने वाली सभी बस सेवाएं पूरी तरह से रद्द रहेंगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी के अनुसार बनाएं और अनावश्यक रूप से बसों पर निर्भर न रहें।

अधिकारियों के अनुसार, लंबी दूरी से आने वाली बसें अपने निर्धारित गंतव्य तक पहुंचेंगी, लेकिन वहां पहुंचने के बाद आगे के लिए संचालन नहीं किया जाएगा। यानी संबंधित शहर या डिपो पर ही बसों का अंतिम स्टॉप रहेगा। इससे आगे की लोकल कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं होगी।

### जरूरत न हो तो यात्रा से बचें

स्थानीय रूटों पर चलने वाली सभी बस सेवाएं पूरी तरह से रद्द रहेंगी। लंबी दूरी से आने वाली बसें अपने निर्धारित गंतव्य तक पहुंचेंगी, लेकिन वहां पहुंचने के बाद आगे के लिए संचालन नहीं किया जाएगा। यानी संबंधित शहर या डिपो पर ही बसों का अंतिम स्टॉप रहेगा। सुविधा अनुसार ही करें यात्रा। -जयवीर हुड्डा, ट्रैफिक मैनेजर, रोडवेज डिपो

### प्रशासन की अपील, लोग सहयोग करें

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है और इसका उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। आपातकालीन स्थिति में यात्रियों को अपने निजी वाहनों या वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। विभाग ने यह भी अपील की है कि लोग बिना अत्यंत आवश्यक कारण के यात्रा करने से बचें। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाएं। साथ ही, यात्रा से पहले बसों की स्थिति की जानकारी संबंधित डिपो या हेल्पलाइन से अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

**आईडीएफसी ने किया 509 करोड़ रुपये का फ्रॉड, निजी बैंकों में सरकारी खातों पर रोक**

## अब सरकारी बैंकों में ही खुलेंगे खाते

**करीब 3000 खाते होंगे बंद**

- सरकार ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से तुरंत अकाउंट बंद करने के दिए निर्देश

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

पिछले दिनों आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने हरियाणा सरकार के विभिन्न खातों में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। इसके बाद सरकार ने निर्णय लिया है कि अब सरकारी खाते केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही खोले जाएंगे। इस समय जो खाते आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में उन्हें तुरंत बंद करने के आदेश विभागाध्यक्षों को जारी कर दिए गए हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के न केवल सेविंग और करंट अकाउंट बंद करने हैं। बल्कि इनमें करवाई गई एफडी को भी प्री मैच्योर स्थिति में हों तो उन्हें भी मैच्योर कराकर तुरंत सरकारी बैंकों में एफडी करा दी जाए। सरकार ने खासकर विकास एवं पंचायत विभाग को खाते बंद करने के लिए निर्देशित किया है। क्योंकि पंचायती राज संस्थाओं के करोड़ों रुपये आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की शाखाओं में है। पंचायतों के अलावा रोहतक जिले में दूसरे सरकारी विभागों के खाते निजी बैंकों में हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2500-3000 ऐसे अकाउंट हैं, जो निजी बैंकों में थे। अब इन्हें राष्ट्रीयकृत बैंकों में खोला जाएगा। एक प्राइवेट बैंक द्वारा की गई धोखाधड़ी के बाद अब आम आदमी भी इनसे कन्नी काट सकता है।

### वित्त विभाग की स्वीकृति लेनी होगी

यदि कोई विभाग किसी कॉर्पोरेट और निजी क्षेत्र के बैंक में खाता खोलने का प्रस्ताव करता है, तो वित्त विभाग से मंजूरी लेनी अनिवार्य होगी। प्रक्रिया का पालन किए बिना खोला गया कोई भी बैंक खाता अनियमित माना जाएगा तथा उसे तत्काल बंद करने के लिए उत्तरदायी होगा। प्रशासनिक सचिव, विभागाध्यक्ष तथा बोर्ड, निगम, सोसायटी और पीएसयू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इन निर्देशों के कड़ाई से अनुपालन करेंगे और उपयुक्त प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्रवाई की जाएगी।

### 31मार्च तक मिलाया लेनदेन

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक तथा एयू स्माल फाइनेंस बैंक कोई भी सरकारी धनराशि इन बैंकों में न तो रखी जाएगी, न जमा की जाएगी। यह प्रक्रिया आगामी 31 मार्च तक पूर्ण कर लें और इसकी रिपोर्ट 4 अप्रैल तक वित्त विभाग को दी जाएगी। गौरतलब है क हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में 590 करोड़ का घोटाला किया गया है

### ऐसे हुआ फर्जीवाड़ा

सरकार के 18 विभागों के खातों में 590 रुपये करोड़ का फ्रॉड किया गया है। अब तक पता चला है कि चंडीगढ़ में पंचायत विभाग के खाते से यह सारा खेल शुरू हुआ। घोटाला उजागर हुआ तो संबंधित विभागों को मूलधन और ब्याज सहित 100%राशि लौटा दी है। कुल 590 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।


## भालौठ सब ब्रांच नहर में 4 पलटे खाकर गिरी कार

### चालक घायल, कम पानी होने से बची जान

**रोहतक।** बोहर गांव स्थित आश्रम के पास भालौठ सब ब्रांच नहर पर सोमवार को एक कार अनियंत्रित होकर चार पलटे खाती हुई नहर में जा गिरी। घटना से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही की नहर में पानी का स्तर काफी कम था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार अचानक संतुलन खो बैठी और सड़क से फिसलते हुए चार बार पलटी खाते हुए सीधे नहर में जा गिरी। हादसे में चालक को चोटें आई हैं, हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक को बाहर निकालने में मदद की। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। देर शाम ट्रैक्टर की मदद से कार को बाहर निकाल लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थान पर सड़क संकरी है और किनारों पर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध नहीं हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां सुरक्षा दीवार या रेलिंग लगाई जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। घायल चालक का उपचार किया जा रहा है। घटना की जांच की जा रही है।



कार का संतुलन बिगड़ने से हुआ भीषण हादसा



## हरियाणा बोर्ड की परीक्षाओं के लिए जिले में बनाए गए 45 केंद्र, सभी पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे

# भौतिक विज्ञान व अर्थशास्त्र के 2627 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, एक नकलची पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सोमवार को 12वीं कक्षा की दोनों परीक्षाएं भौतिकी विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विषयों की परीक्षा आयोजित करवाई गई। हिसार रोड स्कूल केंद्र से एक नकलची को पकड़ा। जिला प्रशासन द्वारा किये गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। जिला में भौतिक विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विषयों की परीक्षा में कुल 2667 विद्यार्थियों में से 2627 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 40 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि भौतिक विज्ञान विषय में जिला में 1540 विद्यार्थियों से 1512 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 28 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। अर्थशास्त्र विषय में 1127 विद्यार्थियों में से 1115 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे तथा 12 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा इन परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकलरहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उड़नदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह आगामी 20 मार्च तक 10वीं कक्षा की परीक्षाएं तथा डीईएलएड की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है।


रोहतक। परीक्षा केंद्र से बाहर आती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### बहुत अच्छा हुआ पेपर


भौतिकी का पेपर था। पेपर अच्छा हुआ है। आसान और मुश्किल दोनों तरह के प्रश्न आए हुए थे, लेकिन सभी प्रश्न हल हो गए थे। -यामिनी, छात्रा

### सभी प्रश्न किए हल


पेपर पूरा हो गया है। ज्यादा मुश्किल प्रश्न नहीं आए थे सभी प्रश्न हल हो गए थे। न्यूमेरिकल्स में को हल करने में थोड़ा समय लगा था। -हिमांशी, छात्रा

### कम लगा समय


पेपर ओवरऑल आसान आया हुआ। पिछले सालों के प्रश्न पत्र से संबंधित प्रश्न आए हुए थे। पूरा पेपर एनसीआरटी से आया हुआ था। न्यूमेरिकल्स को हल करने में थोड़ा समय लगा था। -गरिमा, छात्रा

### एनसीईआरटी से आया पेपर


पेपर अच्छा हुआ है। दो-तीन न्यूमेरिकल्स को हल करने में समय लगा। ऑप्टिक्स यूनिट से ज्यादा प्रश्न आए हुए थे। पूरा पेपर एनसीईआरटी से आया हुआ था। -कीर्ति, छात्रा

### सीबीएसई परीक्षाः विद्यार्थियों ने कहा अपठित गद्यांश के प्रश्नों का उत्तर देने में असमंजस रहा



रोहतक। सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से सोमवार को 10वीं कक्षा के हिंदी विषय के पेपर में व्याकरण प्रश्नों का उत्तर देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यार्थियों ने कहा कि अनौपचारिक पत्र और अन्य पत्र लेखनों सरलता से उत्तर दिया। अपठित गद्यांश के प्रश्नों का उत्तर देने में असमंजस रहा है। जिले के 24 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार को 10वीं के करीब 8 हजार विद्यार्थियों ने हिंदी कोर विषय की परीक्षा दी। परीक्षा देकर लौटे विद्यार्थियों ने कहा कि प्रश्न पत्र के अपठित गद्यांश से जुड़े प्रश्नों का जवाब देने में थोड़ी कठिनाई आई। व्याकरण के प्रश्नों को आसानी पूरा किया। उन्होंने कहा कि राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद, अट नहीं रही है, आत्मकथा, साना-साना हाथ जोड़ी जैसे पाठ व कविताओं से भी आसान प्रश्न पूछे गए थे। विद्यार्थियों ने बताया सबसे आसान पैसेज और व्याकरण के प्रश्न दिए गए थे। इनमें अलंकार और वाचन से भी प्रश्न आए हुए थे।

## खबर संक्षेप



### वीबी कॉलेज में धूमधाम से मनाई होली

रोहतक। वीबी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में सोमवार को होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधन एवं स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष सुदर्शन मलिक ने होली जैसे पवित्र पर्व पर बुराइयों को त्यागकर आपसी भाईचारे और प्रेमभाव से रहने का संदेश दिया तथा सभी को शुभकामनाएं दीं। डायरेक्टर संतोष मलिक ने होली का गीत प्रस्तुत कर वातावरण को रंगमय बना दिया। उन्होंने सभी को चंदन का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और रसायनयुक्त रंगों से दूर रहकर प्राकृतिक व सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने की प्रेरणा दी। इसके उपरांत सभी ने फूलों के साथ होली खेली और मिठाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उल्लास और सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

## नगर निगम रोहतक स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 को लेकर गंभीर

# स्कूल, होटल और अस्पतालों को संस्थान में ही करवाना होगा कचरे का निस्तारण

### बीडब्ल्यूजी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम रोहतक स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 में शहर को सर्वोच्च स्थान दिलाने के उद्देश्य से पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में भारत सरकार द्वारा जारी नई कार्यविधि (टूलकिट) को लेकर अधिकारियों को प्रशिक्षण एवं विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में कार्यकारी अभियंता मजीत दहिया, सहायक अभियंता सत्यव्रत, मुख्य सफाई निरीक्षक तथा सहायक सफाई निरीक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया गया कि सर्वेक्षण की नई गाइडलाइन के अनुसार किन-किन बिंदुओं पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है और किन मदों में सुधार की गुंजाइश है। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के चालान अनिवार्य रूप से किए जाएं। डॉ. शर्मा ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना आवश्यक है। स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26 के तहत निगम टीमों द्वारा जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सफाई शाखा की टीमें नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं और सामूहिक प्रयास से शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। समीक्षा बैठक में बल्क वेस्ट जनरेटर जैसे होटल, अस्पताल, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, स्कूल, कॉलेज व बड़े संस्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि नियमों के अनुसार इन संस्थानों को अपने स्तर पर कचरे का निस्तारण करना अनिवार्य है या फिर किसी अधिकृत एजेंसी से यह कार्य करवाना होगा। सड़क पर कचरा फेंकने या निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करने पर नोटिस और चालान की कार्रवाई की जाएगी।


रोहतक। अधिकारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा । फोटो : हरिभूमि

### नगर निगम से भी ले सकता हैं सुविधा

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई बल्क वेस्ट जनरेटर स्वयं कचरा निस्तारण में सक्षम नहीं है, तो वह नगर निगम से विधिवत अनुबंध कर संग्रहण, परिवहन एवं वैज्ञानिक निस्तारण की सुविधा ले सकता है। बिना अनुबंध निगम सेवाओं का उपयोग करना नियम विरुद्ध माना जाएगा। नगर निगम का उद्देश्य स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि रोहतक शहर स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल कर सके।

## खबर संक्षेप



### मॉडल स्कूल सांपला में नन्हे-मुन्नों ने उत्साह से होली का उत्सव मनाया

रोहतक। बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल सांपला में सोमवार को होली का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रंग बरसे भीगे चुनर वाली, रंग बरसे इन्हीं खुशनुमा धुनों के साथ हमारे नन्हे सितारों ने होली का त्योहार अपार उत्साह और रंग-बिरंगी मुस्कानों के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतीकात्मक होलिका दहन से हुई, जिसने बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश फैलाया और बच्चों के मन में सकारात्मकता की प्रेरणा जगाई। नर्सरी एवं एल.के.जी. के नन्हे बच्चों ने रचनात्मक कला गतिविधियों और होली प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कक्षा यू.के.जी. के विद्यार्थियों ने सुंदर बैलून रंगोली गतिविधि और खुशियों से भरी होली कविता प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। यह दिन रंगों, रचनात्मकता, संस्कृति और एकता से भरपूर रहा। प्रिंसिपल नोमिता बत्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### मदवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने दी होली की शुभकामनाएं

रोहतक। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सोम नाथ सचदेवा ने रंगों के उत्सव होली के अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि होली एकता, नवीनीकरण और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जो समाज में प्रेम, सौहार्द और समरसता का संदेश देती है। कुलपति ने कहा कि जैसे विभिन्न रंग मिलकर एक सुंदर और आनंदमय उत्सव का निर्माण करते हैं, उसी प्रकार विश्वविद्यालय परिवार की विविध प्रतिभाएं, प्रबुद्ध विचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता की आकांक्षाएं संस्थान को निरंतर समृद्ध करती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ज्ञान और प्रगति की साझा यात्रा में सभी सदस्य मिलकर विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। कुलपति प्रो. सचदेवा ने अपील की कि सभी सदस्य सावधानी, जिम्मेदारी और पारस्परिक सम्मान की भावना के साथ होली का पर्व मनाएं। उन्होंने कामना की कि यह त्योहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह, सामंजस्य और खुशियां लेकर आए तथा सभी अपने-अपने प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें।



### उपायुक्त ने दी होली की शुभकामनाएं

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिलावासियों को रंगों के पावन पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक पर्व है। यह त्योहार हमें भेदभाव मिटाकर एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है।सचिन गुप्ता ने कहा है कि होली का त्योहार समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा आपसी संबंधों को और अधिक मजबूत बनाता है। उपायुक्त ने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे होली का पर्व शांति, सद्भाव एवं जिम्मेदारी के साथ मनाएं। रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक एवं सुरक्षित रंगों का प्रयोग करें तथा जल संरक्षण का ध्यान रखते हुए पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहें। किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। सचिन गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि रोहतकवासी इस पावन पर्व को परंपरागत उल्लास के साथ मनाकर जिला की सांस्कृतिक एकता एवं भाईचारे की मिसाल कायम रखेंगे।



## एमडीयू में रंगों संग झलका भाईचारा, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

■ होली केवल रंगों को त्योहार नहीं, बल्कि जोड़ने वाला पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ कार्यालय में सोमवार को होली मिलन समारोह आपसी सौहार्द, भाईचारे और उल्लासपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। पहली बार आयोजित कर्मियों के होली मिलन समारोह में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंगों के इस पर्व को मिल-जुलकर उत्साह पूर्वक मनाया। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय मूल्यों का भी संवाहक है। ऐसे आयोजन कर्मचारियों के बीच विश्वास, सहयोग और सामंजस्य की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण और आपसी सम्मान होता है, तब संस्थान नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है।

विशिष्ट अतिथि युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी हिमांशु ग्रोवर ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज और संस्थान में आपसी संबंध मजबूत होते हैं तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने कहा कि होली का यह पर्व विवि के वर्तमान और सेवानिवृत कर्मियों और विद्यार्थियों के जीवन में खुशियों के रंग लेकर आए। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश कौशिक ने स्वागत भाषण देते हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा उपस्थित सभी कर्मचारियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि संघ सदैव कर्मचारियों के हितों के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। यूनियन के उप प्रधान प्रेम सिंह सजवान, महासचिव विजय पाल धनखड़, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, सहसचिव राजकुमार रंगा ने कार्यक्रम का समन्वयन और संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. राजबीर राहड़, शांति लाल सिक्का, दयानन्द छिक्कारा, फू बोहत, रणधीर कटारिया, निरंजन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## केवीएम कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन में बच्चों ने धूमधाम से मनाया होली का पर्व

■ होली का पर्व सकारात्मक ऊर्जा लेकर आता है : कर्मवीर मायना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केवीएम कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के प्रांगण में होली के पावन त्यौहार को बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। के वी एम इंस्टीट्यूशन के अंतर्गत चल रहे विशेष विद्यालय के सभी बच्चे इस रंग-बिरंगे उत्सव का मुख्य आकर्षण बने। डायरेक्टर कर्मवीर मायना ने सभी बच्चों को गुलाल लगाया और उन्हें होली की बधाई दी। उन्होंने इस त्योहार के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि होली का उत्सव सकारात्मक ऊर्जा लेकर आता है और गुलाल की तरह उसे आसमान में फैलाता है। कर्मवीर मायना बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मुफ्त शिक्षा, पाठ्य सामग्री व परिवहन जैसी सुविधाएं प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

### ये रहे उपस्थित

प्रिंसिपल डॉक्टर धर्मवती और स्टाफ सदस्य आशा, सुमन, शैलजा, पूजा सहित अन्य उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के साथ उत्सव में भाग लिया और उन्हें सुरक्षित और आनंदमय होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने बच्चों में उत्साह, सामाजिक सहभागिता और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बनाया और सभी ने मिलकर रंगों के साथ होली का पर्व मनाया।

## केवीएम स्कूल में होली पर रंग उत्सव मनाया

■ विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम में नृत्य व गीतों से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केवीएम विद्यालय में होली के पावन अवसर पर "रंग उत्सव" का भव्य आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में हर्ष, उल्लास और उमंग का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देता है। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत और होली के महत्व पर भाषण शामिल थे। विद्यालय के शिक्षक और माता-पिता भी बच्चों के साथ शामिल होकर उत्सव को और आनंदमय बना रहे थे। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण-अनुकूल रंगों का उपयोग करते हुए होली मनाई। विद्यालय प्रधानाचार्या ने सभी को सुरक्षित होली की शुभकामनाएं दी।





### तिलियार पर्यटन परिसर में होली मनाई

रोहतक। तिलियार पर्यटन परिसर में सोमवार को होली महोत्सव बड़े ही उत्साह, उमंग एवं पारंपरिक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर परिसर में पर्यटकों एवं स्थानीय आगंतुकों ने भाग लिया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। महोत्सव के दौरान पारंपरिक लोकगीतों, संगीत कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा परिसर होली के रंगों में सराबोर हो गया। तिलियार परिसर के स्टाफ ने भी पर्यटकों के साथ मिलकर इस पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द के वातावरण में मनाया। इस अवसर पर परिसर में विशेष सजावट की गई तथा पर्यटकों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन एवं पारंपरिक होली पकवानों की व्यवस्था की गई। प्राकृतिक वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में आगंतुकों ने सुरक्षित एवं आनंदमय माहौल में होली उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। प्रबंधन द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से सुनिश्चित की गईं। परिसर के प्रबंधक नरेंद्र राणा ने सभी पर्यटकों, आगंतुकों एवं स्टाफ सदस्यों का इस सफल आयोजन में सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि पर्यटकों को मनोरंजन के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति की झलक भी मिल सके।

### आर्य स्कूल मदीना में विद्यार्थियों ने होली उत्सव में जमकर मचाई धूम



महम। आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में होली उत्सव मनाया गया। सिवानी मंडी की एसडीएम विजया मलिक और विधायक बलराम दांगी की पत्नी अन्नु दांगी ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यह उत्सव विशेष रूप से आसपास के सभी गांवों की महिलाओं एवं अभिभावकों के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए रैंप वॉक, बेस्ट ड्रेसिंग प्रतियोगिता तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हरियाणवी लोकगीतों एवं संगीत की मधुर धुनों पर रंगों से सराबोर होकर सभी ने नृत्य-संगीत का भरपूर आनंद उठाया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और सामाजिक समरसता का भी माध्यम है।

**होगा विकास** शहर के सभी वार्डों में आवश्यकता अनुसार आवंटित की गई राशि

# जिप बैठक में 17 करोड़ 40 लाख के खर्च पर लगी सर्वसम्मति से मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला परिषद की सोमवार को हुई बैठक में सभी पांच सर्वसम्मति से पारित हो गए। इसकी अध्यक्षता चेयरपर्सन मंजू हुड्डा ने की। मीटिंग में सभी 14 वार्ड के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें 15.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की मंजूरी दी गई। ये पैसा इस समय विभिन्न कार्यों पर लगाया जा रहा है। बैठक में लेखा शाखा द्वारा सदन के सम्मुख उपलब्ध फंड का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। उपलब्ध बजट को देखते हुए चेयरमैन ने 2 करोड़ रुपये के अतिरिक्त नए विकास कार्यों को मंजूरी दी। इन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में जिला परिषद का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास है। उन्होंने बताया कि अब तक आवंटित की गई राशि को सभी 14 वार्ड में उनकी आवश्यकताओं के अनुसार समान रूप से वितरित किया गया है। ताकि जिले का कोई भी हिस्सा विकास से वंचित न रहे।

### ये थे प्रस्ताव

- एसएफसी की वर्ष 2022-23,2023-2024, 2022-26 की ग्रांट को खर्च करने बारे में
- 8 अप्रैल, 27 अक्टूबर और 17 नवंबर को हुई मीटिंग में पारित किए गए विकास कार्यों की समीक्षा
- पिछली मीटिंग में जो कार्य पारित किए गए थे, उनमें से कितने काम अभी तक फिजिबिल्टी पूरी न होने तथा जो काम पूरे कर दिए गए हैं, उनकी जानकारी सदन को देना
- स्टैम्प ड्यूटी का विकास कार्य में वार्ड वाइज फंड अलॉट करना
- जेडपीडीपी में वर्ष 2025-26 में शामिल किए गए कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने बारे
- मीटिंग दोपहर को बारह बजे शुरू हुई और अढ़ाई बजे तक जारी रही।

## खबर संक्षेप

### बुलेट सवार युवक 119 ग्राम चरस सहित दबोचा

**रोहतक।** पुलिस की एएनसी स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान बुलेट मोटरसाइकिल सवार एक युवक को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से 119 ग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया है। मामले की गहनता से जांच जारी है। एएनसी स्टाफ के प्रभारी पीएसआई मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक संदीप के नेतृत्व में टीम गांव हसनगढ़ के पास गश्त पर मौजूद थी। सूचना के आधार पर मन्नत टी स्टाल के सामने नाकाबंदी की गई।

### एमडीयू में रिसर्च असिस्टेंट के लिए आवेदन आमंत्रित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान ने माइक्रोबियल कन्सोर्टिया डेवलपमेंट फॉर सस्टेनेबल फ्लोरल वेस्ट मैनेजमेंट परियोजना के तहत एक रिसर्च असिस्टेंट के पद के लिए आवेदन मांगे हैं।
चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी को अधिकतम आठ माह के लिए 20,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। पात्र अभ्यर्थी 16 मार्च को शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि साक्षात्कार 17 मार्च को प्रातः 11 बजे स्वराज सदन भवन में होगा। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित योग्यता के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी एमडीयू वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### पंचकूला के जंगल में पेड़ों की कटाई पर सवाल

**रोहतक।** वन कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व प्रधान जीवन सिंह ने बताया कि पंचकूला की आसरे वाली जंगल से खैर के सैकड़ों पेड़ों की कटाई प्रशासन, सरकार की संवेदनहीनता का परिणाम है। वन्य प्राणियों के लिए आरक्षित जंगलों की सुरक्षा वन विभाग की क्षेत्रीय शाखा द्वारा की जाती थी। क्षेत्रीय शाखा के फील्ड के कर्मचारियों के साथ साथ सीसीटीवी कैमरों से भी व्यवस्था छछरोली,कलेसर जैसे जंगलों में थी। यह व्यवस्था बदलकर जंगल क्षेत्र को वन्य प्राणी सुरक्षा शाखा के अधीन कर दिया गया। वन्य प्राणी शाखा में वन रक्षक, उप निरीक्षक, निरीक्षक के पदों पर तैनात कर्मचारियों की संख्या अपर्याप्त है। क्षेत्रीय शाखा में भी फ्रंट लाइन स्टाफ के 1000 से अधिक पद खाली पड़े हैं।

### सूचना

मैं, रामभज पुत्र श्री कृष्ण निवासी मकान नं. 150/1, जे.पी. कॉलोनी, रोहतक बयान करता हूं कि पहले मैंने अपने पुत्र कृष्ण व पुत्रवधु पूनम को बेदखल कर दिया था। अब उक्त दोनों मेरे कहने में हैं इसलिए मैं उपरोक्त बेदखली सूचना को रद्द करता हूं। अब इन दोनों का मेरी चल-अचल सम्पत्ति पर पूर्ण अधिकार होगा।

## उज्बेकिस्तान में 28 मार्च से होगी प्रतियोगिता, परिवार में जश्न

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दम दिखाएगी म्हारी लाडली मीनाक्षी हुड्डा

### कोच विजय ने दी बधाई, आगे भी शानदार प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**मीनाक्षी हुड्डा की उपलब्धियां**
वर्ष 2025 में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप व वर्ल्ड कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीता है। वर्ष 2017 में जूनियर नेशनल प्रतियोगिता जीती। 2019 में यूथ नेशनल प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। 2021 में सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में रजत, 2022 में एशियन चैंपियनशिप में रजत, 2022 नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। 2024 में ब्रिक्स गेम्स व एलोर्डा कप में स्वर्ण पदक जीता।

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रोहतक की बॉक्सर बेटी मीनाक्षी हुड्डा का चयन हुआ। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से उज्बेकिस्तान में शुरू होगी। इसमें मीनाक्षी देश का प्रतिनिधित्व करेगी। मीनाक्षी के चयन से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। कोच विजय हुड्डा ने मीनाक्षी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्ररित किया।

रुड़की गांव की गलियों से निकलकर बॉक्सिंग रिंग तक का मीनाक्षी का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। साल 2013 में जब मीनाक्षी ने बॉक्सिंग के ग्लब्ज पहने, तो लोगों ने उनके परिवार पर तानों की बौछार कर दी। लड़की होकर बॉक्सिंग खेलेगी, चोट लग जाएगी, शादी कौन करेगा जैसे ताने उनके कानों में गूंजते थे।

यहां तक कि परिवार वाले भी थोड़ा डरते थे कि लड़कियों के लिए बाहर माहौल भी अच्छा नहीं है, लेकिन मीनाक्षी के हौसले बुलंद थे। अब अच्छा प्रदर्शन करके मेडल आने लग तो लोगों ने ताने मारने छोड़ दिए। मीनाक्षी ने बताया कि पिता कृष्ण ऑटो चलाते हैं। मां सुनीता गृहिणी व चार भाई बहनें हैं। उन्होंने बताया कि शुरू से घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वर्ष 2013 में बॉक्सिंग खेलना शुरू किया। गांव के लड़के व लड़कियां बॉक्सिंग खेलती थीं। उनको देखकर प्रेरणा मिली व खेलना शुरू किया।

कोच विजय हुड्डा ने खेलने में मदद की। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण कोच विजय ने खेलने का सामान खरीदने में मदद की और परिवार वालों को भी समझाया। जब खेलना शुरू किया था तो उस समय लोगों ने ताने मारे कि बॉक्सिंग खेलकर क्या करेगी। कहीं चोट लग गई तो कौन शादी करेगा। परिवार वाले भी डरते थे कि बाहर का माहौल भी अच्छा नहीं है, लेकिन फिर परिवार वालों ने बोला कि तू खेल किसी को कुछ भी कहने दे, हमें कोई दिक्कत नहीं है। मीनाक्षी गांव रुड़की में कोच विजय के पास शहीद बैतून सिंह स्टेडियम में अभ्यास करती हैं।

### खेल नर्सरियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 तक बढ़ी

**रोहतक।** राज्य खेल विभाग द्वारा आगामी सत्र 2026-27 में सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों एवं निजी शिक्षण संस्थानों में खेल नर्सरियां आवंटित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन खेलों में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 07 मार्च कर दी गई है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों में जिमनास्टिक, रोविंग तथा स्विमिंग खेलों की नर्सरियों के लिए आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। जिला के इच्छुक सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों एवं निजी शिक्षण संस्थानों का आह्वान किया है कि वे इन खेलों में नर्सरियां संचालित करने के लिए अपना ऑनलाइन आवेदन 07 मार्च तक खेल विभाग की वेबसाइट **haryanasports.gov.in** पर अवश्य करें। खेल नर्सरियां केवल ओलंपिक, एशियन एवं कॉमनवेल्थ खेलों में शामिल खेलों के लिए ही खोली जाएंगी। खेलों के क्षेत्र में युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा सभी पात्र संस्थान इस अवसर का लाभ उठाएं।




**रोहतक।** साप्ताहिक परेड में पुलिस अधिकारी व जवान। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड आयोजित

**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड में सभी थाना प्रभारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जिला रोहतक के सभी थाना व चौकी, पुलिस कार्यालय तथा जिले में तैनात जवानों ने भाग लिया। परेड के दौरान रोहतक पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था की संभावित विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष अभ्यास कराया गया। जवानों को दंगा निरोधक उपकरणों के संचालन व भीड़ नियंत्रण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने परेड का निरीक्षण करते हुए अनुशासन, वर्दी, शारीरिक दक्षता और उपकरणों की जांच की। साथ ही जवानों को सतर्कता, समन्वय और तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

### दुबई में सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव ने जीवन में धैर्य और संतुलन बनाने का दिया संदेश



**रोहतक।** श्री सिद्धेश्वर तीर्थ, तिरुपति के दुबई चैप्टर द्वारा आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में "सिद्धगुरु" सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव ने जीवन को उत्सव की तरह जीने और सफलता पाने के लिए धैर्य, संतुलन तथा सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। गुरुदेव ने उपस्थित गुरु भक्तों को शक्तिपात के माध्यम से आशीर्वचन दिए और व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने मित्रता, रिश्तों और मानसिक संतुलन की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि अच्छे संबंध जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। गुरुदेव ने महाभारत के उदाहरण के माध्यम से संगति के महत्व को समझाया और युवाओं को बड़े सपने देखने व उन्हें साकार करने का साहस रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवन में उलझनों, कठिनाइयों और विषम परिस्थितियों का सामना धैर्य और आत्मबल से करने की आवश्यकता बताई। गुरुदेव ने कहा कि जीवन को अवसर समझकर जीना चाहिए, अहंकार और मोह से ऊपर उठकर परम सत्य की शरण लेना ही सच्ची शांति और समृद्धि का मार्ग है। कार्यक्रम में दुबई के अनेक गणमान्य नागरिक, उद्योगपति, समाजसेवी और गुरु भक्त उपस्थित रहे।

## केवीएम नर्सिंग कॉलेज में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



केवीएम नर्सिंग कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को शपथ ग्रहण और लैंप लाइटनिंग समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और एएनएम के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने नर्सिंग पेशे के प्रति अपने कर्तव्यों और निस्वार्थ भाव की शपथ ली। समारोह का शुभारंभ कॉलेज के निर्देशक कर्मवीर मायना, प्रधानाचार्या ज्योतिशर्मा और अन्य अध्यापिकाओं के साथ किया गया। निर्देशक कर्मवीर मायना ने विद्यार्थियों को अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहने और मरीजों के प्रति करुणा व दया बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज सेवा का मार्ग है। प्रधानाचार्या ज्योतिशर्मा ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन और उनके योगदान से विद्यार्थियों को परिचित कराया। उन्होंने नर्स की जिम्मेदारियों और अस्पताल में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मरीजों के प्रति सहानुभूति और कर्तव्यपरायणता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने जीवन भर नर्सिंग पेशे के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। समारोह ने विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, करुणा और सेवा भाव को जागृत किया और उन्हें पेशेवर दृष्टिकोण के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

## महम लघु सचिवालय में सेंट्रल अनाउंसमेंट सिस्टम से जुड़ेंगे सभी सरकारी कार्यालय

- कंट्रोल रूम से सभी सरकारी दफ्तरों में एक साथ भेजा जा सकेगा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** लघुसचिवालय की पहली मंजिल पर सेंट्रल अनाउंसमेंट सिस्टम लगाने के काम में जुटे तकनीकी टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

महम के लघु सचिवालय में चल रहे सभी सरकारी दफ्तर सेंट्रल अनाउंसमेंट सिस्टम से जोड़े जा रहे हैं। सभी कार्यालयों में स्पीकर लगाए जा रहे हैं। पूरे परिसर में तारें बिछाई जा रही हैं। यह कार्य पीडब्ल्यूडी बीएंड आर विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। पिछले कई दिन से एक टीम इस काम को अंजाम देने में लगी हुई है। सभी स्पीकर एक कंट्रोल रूम से जोड़ दिए जाएंगे। कंट्रोल रूम में माइक लगाया जाएगा। लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद सभी सरकारी कार्यालय कंट्रोल रूम से जुड़ जाएंगे। इस रूम से सेंट्रल अनाउंसमेंट सिस्टम संचालित किया जाएगा। यहां से सभी कार्यालयों में एक साथ कोई भी संदेश भेजा जा सकेगा।

लघु सचिवालय में समय समय पर होने वाली बैठकों के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। किसी भी तरह की सूचना के लिए इसका उपयोग किया जा सकेगा। आपात स्थिति में भी इसका प्रयोग कारगर साबित होगा। सभी कार्यालय सेंट्रल अनाउंसमेंट सिस्टम से जुड़ने के बाद सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के समय की बचत होगी।

**यह मिलेगी सुविधा**
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को किसी जरूरी सूचना के प्रसारण के लिए बार बार दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। यदि कोई कर्मचारी अपने कार्यालय की बजाए लघु सचिवालय में किसी विभाग के दफ्तर में किसी काम से गया हुआ है, तो उसको सूचना वहीं पर सुनने को मिल जाएगा। एक जगह से ही कोई सूचना माइक पर बोल दी जाएगी, जो सभी सरकारी दफ्तरों में सुनाई देगी।

## श्री राम सनातन धर्मशाला की चाबी पार्षद प्रवीण ने रमेश को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शिवाजी कॉलोनी स्थित श्री राम सनातन धर्मशाला की चाबी पार्षद प्रवीण कौशिक द्वारा विधिवत रूप से रमेश बबली को सौंपी गई। इस अवसर पर पार्षद प्रवीण कौशिक ने कहा कि धर्मशाला में समय-समय पर जो भी आवश्यक कार्य होंगे, उन्हें पूरा कराने का वायदा किया गया है। वहीं, प्रधान रमेश बबली ने भी कहा कि अब तक जो महत्वपूर्ण कार्य धर्मशाला में नहीं हुए, उन्हें प्राथमिकता के साथ करवाया जाएगा।इस मौके पर धर्मशाला परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली के वरिष्ठ डॉक्टरों ने आमजन की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान जनमानस ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया, जिनमें रमेश चावला, प्रिंस सिक्का, अनिल कथूरिया, मोहित कटियाल, राजकुमार शर्मा, सोमनाथ शर्मा, सोमनाथ ग्रोवर, विनोद बजाज आदि शामिल रहे। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने धर्मशाला के नवनियुक्त प्रधान और पार्षद को इस पहल के लिए सराहा। इस अवसर पर यह भी निर्णय लिया गया कि धर्मशाला में सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसके लाभ मिल सकें और धर्मशाला समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करती रहे।

## एचडी स्कूल खेड़ी महम में हुई नन्हे मुन्ने बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**महम।** एचडी स्कूल खेड़ी महम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चे अपने गुरुजनों के संग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्राचार्या श्रीमती शालिनी गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और मंच संचालन कौशल को प्रोत्साहित करना था। छोटे-छोटे बच्चों ने भगत सिंह ,महात्मा गांधी, डॉक्टर, सैनिक, किसान और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक अदाओं और प्रभावशाली संवादों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। उपप्राचार्या इंदु नहरा व स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## पात्रों से दयालु-2 योजना का लाभ उठाने का आग्रह

# सड़क हादसा होने पर मिलती है एक से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने जिला के पीड़ित लोगों से सरकार की दयालु-2 योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। योजना को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुमार ने कहा कि कि सडक़ों पर घूम रहे पशुओं से होने वाली दुर्घटना में किसी भी नागरिक की मृत्यु या दिव्यांगता होने की स्थिति में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि 'दयालु-2 योजना' पोर्टल का सरलीकरण भी किया गया है, ताकि पात्र परिवारों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके। नरेंद्र कुमार ने कहा कि यह पोर्टल सरकार की पारदर्शी एवं सरल सेवा वितरण प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस डिजिटल पहल से पात्र परिवारों को योजना का लाभ अधिक तेजी और सटीकता के साथ उपलब्ध होगा। योजना के तहत स्वीकृत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी। योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांगता होने पर संबंधित परिवार को एक लाख रुपये से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, चोट लगने की स्थिति में न्यूनतम 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। हरियाणा के निवासी जिनके पास परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) है, उन्हें कुत्ते के काटने अथवा आवारा पशुओं जैसे गाय, बैल, सांड, गधा, कुत्ता, नीलगाय, भैंस आदि के कारण हुई दुर्घटना में मृत्यु/चोट/दिव्यांगता की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**लाभ के लिए पीपीपी के पंजीकृत होना अनिवार्य**
अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए परिवार का परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के तहत पंजीकृत होना अनिवार्य है। उन्होंने पात्र नागरिकों का आह्वान किया कि वे आवश्यकता पड़ने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाएं। प्रशासन पात्र परिवारों को समय पर सहायता प्रदान करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।नरेंद्र कुमार ने कहा कि मृत्यु, चोट अथवा दिव्यांगता की स्थिति में संबंधित व्यक्ति को घटना के दिन से लेकर 90 दिन के भीतर आवेदन करना होगा।



### खेत मजदूर संगठन का प्रदर्शन, अमेरिका-इजराइल हमले बंद करें, एकतरफा आक्रमण ठीक नहीं

**रोहतक।** साम्राज्यवादी अमेरिका व इजराइल गठजोड़ मुर्दाबाद, ईरान पर हमले बंद करो, युद्ध नहीं, शांति चाहिए, ईरान के नेताओं और जनता का कत्लेआम बन्द करो इत्यादि नारों के साथ ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने सिटी पार्क में इकट्ठे होकर शहर में प्रदर्शन किया। किसान संगठन के राज्य अध्यक्ष अनूप सिंह एवं जयकरण मांडोठी ने इसका नेतृत्व किया। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड सत्यवान एवं महासचिव कॉमरेड शंकर घोष एवं एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कहा गया कि जंगखोर अमेरिकी साम्राज्यवाद मानवता का शत्रु है। जिसने लीबिया, वेनजुएला, अफगानिस्तान , इराक समेत अनेक सम्प्रभु देशों पर भीषण आक्रमण किए हैं। और परोक्ष-अपरोक्ष रूप से युद्धों को भड़काया है। भारत सरकार से भी मांग की गई कि इस युद्ध के विरोध में वह आगे आए और इसे तुरंत बंद करवाने के लिए अमेरिकन साम्राज्यवाद पर दवाब बनाए एवं बिना किसी भड़कावे की कार्रवाई के इस एकतरफा सैन्य आक्रमण की सार्वजनिक निंदा की।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीड़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

# बजट विकास, सशक्तिकरण और जनभागीदारी का संतुलित दस्तावेज

## प्रदेश के बजट को सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने बिसराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वित्त मंत्री के रूप में प्रस्तुत बजट 2026-27 को प्रदेश के विकास, महिलाओं, युवाओं, किसानों और उद्योगों के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक और सर्वसमावेशी माना जा रहा है। 2,23,658.17 करोड़ के इस बजट को गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ाया गया है और इसे हर वर्ग के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला कहा जा रहा है।

भाजपा नेताओं और विशेषज्ञों ने इस बजट में युवाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण और रोजगार, महिलाओं के लिए स्वस्थ नारी क्लीनिक किसानों के लिए एग्री डिस्कॉम के माध्यम से ट्यूबवेल कनेक्शन, और स्टार्टअप व स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने वाले कदमों को सराहा है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पुलिस, उद्योग और आधारभूत संरचना पर विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं, औद्योगिक और व्यापारिक विकास के लिए 'लैंड ऑन लीज' नीति, नए औद्योगिक क्षेत्र, बीमा योजना, पूंजीगत व्यय और कॉमन इंडस्ट्रियल सेक्रेटेरिएट जैसे कदम निवेश और रोजगार बढ़ाने में मदद करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर खरक ने इसे जनभागीदारी और आर्थिक अनुशासन का संतुलित दस्तावेज बताया, जबकि कांग्रेस नेता गुलशन इश्पुनियानी ने बजट को औद्योगिक और आमजन हित में निराशाजनक बताया। यह बजट हरियाणा के समग्र विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समावेशन की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है।

### बजट में किसानों के लिए केवल खोखली घोषणाएं की गई

यह बजट किसानों को निराश करने वाला है। इसमें खेती किसानी के मुद्दों को लेकर हर प्रकार की दूरदृष्टि का अभाव है। कृषि और किसानों के लिए वास्तविक आवंटन में कोई ठोस और अनुपातिक वृद्धि नहीं की गई। बजट में खेती की बढ़ती लागत खर्च को घटाने के लिए कृषि आदानों खाद,बीज,दवाई,आदि पर किसी प्रकार की कोई सब्सिडी की घोषणा नहीं की गई।।

-सुमित दलाल, प्रदेश महा सचिव किसान सभा

### हर वर्ग सशक्त बनकर उभरेगा



हरियाणा के बजट 2026-27 को युवा, महिलाओं और किसानों के लिए समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2,23,658.17 करोड़ का बजट पेश किया, जो पिछले वर्ष से 10.28 प्रतिशत अधिक है। मंजू हुड्डा ने बताया कि प्रदेश के एक लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। एग्री डिस्कॉम के माध्यम से किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन मिलेंगे। "हर नारी, स्वस्थ नारी" योजना के तहत हर जिले में स्वस्थ नारी क्लीनिक बनाए जाएंगे। यह बजट हर वर्ग को सशक्त बनाकर हरियाणा को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में महत्वपूर्ण कदम है।

-मंजु हुड्डा, जिला परिषद चेयरपर्सन

### रोजगार के अवसर बढ़ेंगे



बजट विशेष रूप से युवा, महिलाओं और किसानों के हित में बनाया गया है। इस बजट से एक लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रशिक्षण मिलेगा और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। बजट में एग्री डिस्कॉम के माध्यम से किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन मिलेंगे। यह कदम गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को सशक्त बनाने में अहम साबित होगा। इस बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। इस बजट से प्रदेश के विकास को और गति मिलेगी। बजट हर प्रकार संतुलित है।

-मदन गोयल, भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

### बजट सिर्फ आंकड़ों का खेल



बजट में किसान व आम आदमी के हितों की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। यह बजट सिर्फ आंकडों का खेल है और किसानों की स्थिति सुधारने की दशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। भाजपा सरकार 11 सालों से लगातार प्रदेश पर कर्ज बढ़ाती जा रही है, जबकि लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। 23 मार्च को जींद में होने वाले इनेलो युवा सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जनजन तक पहुंचाएं। आज हर वर्ग सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान है। पढ़े लिखे युवा रोजगार की तलाश के लिए दर दर की ठोकरे खाने पर मजबूर है, वहीं सरकार बाहरी प्रदेशों के युवाओं को रोजगार देकर प्रदेश के युवाओं की अनदेखी कर रही है।

-मंजीत कन्हेली , इनेलो के प्रदेश सचिव

### जनभागीदारी की मिशाल



मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा वित्त मंत्री के रूप में पेश किया गया बजट 2026-27 प्रदेश के सर्वांगीण विकास की झलक देता है। 2.23 लाख करोड़ के इस बजट को उन्होंने अद्भुत और जनभागीदारी वाला बताया। सुरेंद्र माडू ने कहा कि बजट महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, दलित और पिछड़े वर्गों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। वीटा बूथों में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण, 12 जिलों में 21 नए खेल स्टेडियम, 1000 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र, 7 पशु औषधालय और 4 सरकारी पशु अस्पताल स्थापित करने की घोषणाएं इसे विकसित हरियाणा और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण बनाती हैं। इस बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। इस बजट में सभी के लिए कुछ न कुछ है।

-सुरेंद्र माडू, भाजपा नेता


### सर्वसमावेशी बजट से हर वर्ग को मजबूती



प्रदेश का बजट 2026-27 ऐतिहासिक, जनकल्याणकारी और सर्वसमावेशी बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में यह बजट हर वर्ग के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बनेगा। नवीन दुल ने कहा कि प्रत्येक जिले में "स्वस्थ नारी क्लीनिक" महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण हैं। युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। किसानों के लिए सोलर पंप, एग्री डिस्कॉम के माध्यम से ट्यूबवेल कनेक्शन और कृषि ढांचे को मजबूत करने की पहल उनके आय-स्रोत बढ़ाएगी। यह बजट महिला, युवा, किसान और सभी वर्गों की अपेक्षाओं पर खरा उतरता है।

-नवीन दुल, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष

### जनहितकारी, संतुलित और दूरदर्शी बजट



हरियाणा विधानसभा में प्रस्तुत 2,23,658.17 करोड़ के बजट का भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर खरक ने स्वागत किया। उन्होंने इसे जनहितकारी, संतुलित और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के हर वर्ग को सशक्त बनांने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का आधार है। 5000 से अधिक सुझाव शामिल कर सरकार ने जनभागीदारी का आदर्श प्रस्तुत किया। कृषि, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण प्रावधान आमजन के लिए लाभकारी हैं। आर्थिक अनुशासन बनाए रखते हुए राजकोषीय घाटे को 2.65% तक सीमित किया गया है। शमशेर खरक ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर और समृद्ध हरियाणा की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा।

-शमशेर खरक, भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी

### प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत



वर्ष 2026-27 का बजट हरियाणा को नई दिशा देगा और प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से और मजबूत होगा। यह बजट गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। मनीष ग्रोवर ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, खेल, पुलिस सहित सभी विभागों पर पूरा फोकस रखा गया है। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश को तरक्की के मार्ग पर और आगे बढ़ाएगा।

-मनीष ग्रोवर, पूर्व मंत्री, भाजपा

### उद्योग और व्यापार को मिलेगी मजबूती



यह बजट उद्योग, व्यापार और आधारभूत संरचना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम है। 'लैंड ऑन लीज' नीति से नए उद्योग स्थापित करना आसान होगा और निवेश बढ़ेगा। फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर व रेवाड़ी में कॉमन इंडस्ट्रियल सेक्रेटेरिएट से उद्योग स्थापना प्रक्रिया सरल होगी। छोटे व्यापारियों के लिए बीमा योजना, पुराने औद्योगिक क्षेत्रों के विकास हेतु 500 करोड़ का फंड और नए औद्योगिक क्षेत्र व बड़े मार्केट कॉम्प्लेक्स प्रदेश के व्यापार और औद्योगिक विकास को गति देंगे।

- विजय लक्ष्मी चंद गुप्त, प्रदेश अध्यक्ष

### औद्योगिक विकास को मिलेगी मजबूती



2.23 लाख करोड़ का यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर, औद्योगिक रूप से सुदृढ़ और रोजगारपरक बनाने में महत्वपूर्ण कदम है। 28,205 करोड़ के पूंजीगत व्यय से औद्योगिक आधारभूत संरचना, सड़कों और कनेक्टिविटी में सुधार होगा। स्टार्टअप और नवाचार को वित्तीय सहायता एवं कौशल विकास के माध्यम से प्रोत्साहन मिलेगा। युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार सृजन के अवसर मिलेंगे। बजट सामाजिक समावेशन, अनुसूचित जाति और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण में भी सहायक होगा, जिससे हरियाणा का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

- डॉ. अशोक कुमार रंगा, भाजपा जिला प्रभारी

### बेकार बजट, किसी के लिए कुछ नहीं



हरियाणा सरकार द्वारा पेश बजट पर कांग्रेस नेता गुलशन इश्पुनियानी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे निराशाजनक बताते हुए कहा कि आम जनता, उद्योग और व्यापार वर्ग के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किए गए हैं। महंगाई, बेरोजगारी और व्यापार में गिरावट के समय बजट में राहत नहीं दी गई। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कोई पैकेज नहीं है और करों में कोई राहत नहीं। इश्पुनियानी ने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का खेल है, जबकि वास्तविक लाभ जमीनी स्तर पर नहीं दिखता। उन्होंने सरकार से व्यापारी और जनता के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की।।

- गुलशन इश्पुनियानी, कांग्रेस नेता

### टैक्स में छूट देना बहुत सराहनीय कदम



महिलाओं को वाहन खरीद पर टैक्स में छूट सरकार द्वारा महिलाओं को अपने नाम पर वाहन खरीदने पर टैक्स में छूट देना बहुत सराहनीय कदम है। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आर्थिक रूप से अधिक स्वतंत्र बनेंगी। खासकर मध्यम वर्ग की महिलाओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। -स्वीटी भारती

### महिला स्वामित्व को बढ़ावा मिलेगा



प्रतिशत टैक्स छूट भले छोटी लगे, लेकिन यह प्रतीकात्मक रूप से बहुत बड़ा फैसला है। इससे परिवार भी महिलाओं के नाम पर गाड़ी लेने के लिए प्रेरित होंगे और समाज में महिला स्वामित्व को बढ़ावा मिलेगा। इस बजट में सरकार ने सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ रखा है। इस बजट से प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। -मीना शर्मा

### वीटा बूथों में 20% आरक्षण



वीटा बूथों में 20 प्रतिशत आरक्षण मिलने से ग्रामीण महिलाओं को स्थायी रोजगार का अवसर मिलेगा। हम अपने समूह के साथ मिलकर ईमानदारी से काम करेंगे और परिवार की आय बढ़ाने में योगदान देंगे। -रेनु दहिया

### महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी



महिलाओं को बूथ संचालन की जिम्मेदारी देना बहुत अच्छा निर्णय है। इससे गांव की महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार भी बढ़ेगा। यह कदम महिला सशक्तिकरण को मजबूती देगा। - पूनम दहिया

### सुरक्षा का एहसास होगा



सरकार द्वारा कल्याण कोष बनाने का निर्णय भी सराहनीय है। विदेश में काम करने वाले युवाओं के परिवारों को सुरक्षा का एहसास होगा। यह कदम युवाओं के भविष्य और परिवारों की स्थिरता दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। -रमन नांदल

### विद्यालय खुलना बड़ी राहत




श्रमिकों के बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय खुलना बड़ी राहत है। बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे और भविष्य में बेहतर अवसर पा सकेंगे। यह योजना सपनों को नया सहारा देगी। -रमेश खासा

### बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा



सरकार का यह फैसला गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित होगा। पढ़ाई का अच्छा माहौल और सुविधाएं मिलने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आगे चलकर समाज में अपनी अलग पहचान बना पाएंगे। -सुरेंद्र गुलिया

### हमें बेहतर संसाधन मिलेंगे



सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र बनने से हमें बेहतर संसाधन मिलेंगे। बच्चों को पोषण, शिक्षा और खेल की सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। पक्के भवन बनने से कार्य करना भी अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होगा। -सावित्रि देवी

### अच्छा वातावरण मिलेगा



प्ले-स्कूल में अपग्रेड होने से छोटे बच्चों को शुरुआती शिक्षा का अच्छा वातावरण मिलेगा। इससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सकारात्मक बदलाव आएगा और वे स्कूल के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे। बच्चों को शिक्षा मिलेगी। -सुदेश

### भाषा प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर



विदेशी भाषा प्रशिक्षण योजना युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। इससे हम विदेश में रोजगार के बेहतर अवसर पा सकेंगे। आर्थिक सहायता मिलने से कम आय वाले परिवारों के बच्चों को भी बराबरी का मौका मिलेगा -प्रदीप नांदल

# किसान बोले, क्यों व्यर्थ बह रहा पानी, हमारे खेत प्यासे

## मायना में अभी 200 एकड़ की हो रही सिंचाई, 1600 एकड़ में होनी थी, अब खुले दरबार में शिकायत देंगे

- मायना के किसानों ने मांगा ट्रीटमेंट प्लांट का पूरा पानी
- ठेकेदार पर आरोप, तरीके से नहीं दबाई पाइप लाइन,जगह-जगह से हो रहा रिसाव
- 1400 एकड़ को ट्रीटमेंट का पानी सिंचाई के लिए दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय किसान सभा की इकाई की सोमवार को गांव मायना की चौपाल में मास्टर ओमप्रकाश की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें किसान सभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक राठी ने किसानों के मुद्दों पर विचार साझा किए। बैठक में किसानों ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा गांव के खेतों में बनाए गए तीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का पानी जोकि 2 साल पहले लगभग 1600 एकड़ में सिंचाई के लिए पहुंचना था। वह अब तक मात्र 200 एकड़ के लगभग ही पहुंच पाया है। ठेकेदार द्वारा डाली गई पाइपलाइन जगह-जगह से फटी पड़ी है। बहुत से खेतों में अभी तक दबाई भी नहीं गई । किसान सभा द्वारा बार-बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने पर भी ठेकेदार कोई गौर नहीं कर रहा।



बैठक में किसानों ने निर्णय लिया है कि पहले खुले दरबार में शिकायत देंगे और उसके बाद भी यदि हर खेत में पानी नहीं पहुंचा तो आगामी रणनीति बनाकर आंदोलन करेंगे। इसके साथ ही जिले में फसल 2025 में 2 मार्च को भारी ओलावृष्टि से गेहूं व सरसों की फसल बिल्कुल तबाह हो गई थी। फसल बीमा कंपनी द्वारा बगैर किसानों को बताएं गांव मायना,बालंद, रुड़की,मुंगान में सर्वे दिखा दिया गया। लेकिन इन गांवों के मात्र 25 प्रतिशत किसानों को ही बीमा क्लेम कंपनी ने दिया। जबकि मिलना उन सभी किसानों को चाहिए थे, जिन्होंने कृषि विभाग में आवेदन किया था। किसानों ने कहा कि सरकार बीमा कंपनी से तुरंत मुआवजा दिलाए, नहीं तो फिर धरने-प्रदर्शन शुरू किए जाएंगे।

**ये रहे मौजूद:** किसान सभा की गांव कमेटी प्रधान मास्टर ओमप्रकाश,कमेटी सदस्य आनंद, रामकुवार, मल्हे,दलबीर,मास्टर राकेश,रमेश राठी, बल्ले इस मौके पर मौजूद रहे।

### सिंचाई विभाग बरत रहा लापरवाही

किसान सभा के उप प्रधान प्रीत सिंह ने कहा कि अगर जल्द ही प्रशासन ने मायना के किसानों को ट्रीटमेंट प्लांट का पानी उपलब्ध नहीं कराया तो ये मुद्दा समाधान शिविर में लेकर जाएगा। क्योंकि सिंचाई विभाग इस मामले में पूरी तरह से लापरवाही बरत रहा है। विभाग को एक नहीं कई बार अवगत कराया जा चुका है कि 1400 एकड़ को ट्रीटमेंट का पानी सिंचाई के लिए दिया जाए।

# कलानौर में अवैध हथियारों के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



- आरोपी से देसी पिस्तौल और रौंद बरामद

पुलिस की टीम ने अनाज मंडी चौक, कलानौर के पास गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक देसी पिस्तौल और एक रौंद बरामद हुआ। आरोपी पवन उर्फ पोना पुत्र खुशीराम, निवासी कलानौर, को नियमानुसार शस्त्र अधिनियम के तहत थाना कलानौर में केस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। प्रभारी एवीटी एवं पी.ओ. स्टाफ उप निरीक्षक रामबीर कुमार ने बताया कि स.उप.नि. अश्वनी के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। सूचना के आधार पर बसाना मोड़, कलानौर के पास से गांव बसाना की ओर जा रहे युवक को शक के आधार पर रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास अवैध हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है और मामले की गहनता से जांच जारी है। इस गिरफ्तारी से जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। एसपी कार्यालय ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि ऐसे अपराधों को रोका जा सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# मदवि : प्रो. राजीव कुमार ने सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के निदेशक का कार्यभार संभाला



रोहतक। प्रोफेसर प्रो. राजीव कुमार को कार्यभार संभलवाते पूर्व निदेशक प्रो. गुलशन लाल तनेजा व अन्य।

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के गणित विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. राजीव कुमार ने सोमवार को सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के निदेशक का कार्यभार संभाल लिया।

प्रो. राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। वे लंबे समय से गणित विभाग में शिक्षण एवं शोध कार्य से जुड़े रहे हैं तथा प्रशासनिक अनुभव रखते हैं।

### दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रमों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जाएगा

प्रो. राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा और दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रमों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम को छात्रों के आकर्षक व रोजगारपरक बनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व निदेशक प्रो. गुलशन लाल तनेजा, प्रो. हरीश कुमार, प्रो. राजेंद्र शर्मा, प्रो. अश्वनी धींगड़ा, प्रो. रामफूल ओहल्याण, डॉ. जीपी सरोहा, डॉ. दीपक छाबड़ा, सहायक कुलसचिव अशोक सचदेवा समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल का निलंबन रद्द

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशंस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल का निलंबन निरस्त कर दिया है। कुलपति की स्वीकृति के उपरांत रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक आदेशों में डॉ. गिल को तत्काल प्रभाव से पुनः अपनी सेवाएं संभालने की अनुमति प्रदान की गई है। जारी आदेश के अनुसार, दिनांक 17 फरवरी 2026 को जारी निलंबन आदेश को प्रारंभ से ही निरस्त माना गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय नियमानुसार विचार-विमर्श के बाद लिया गया है और अब डॉ. गिल बिना किसी बाधा के अपने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस निर्णय से एमडीयू के शिक्षकों और कर्मियों में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल विश्वविद्यालय के अनुभवी शिक्षकों में गिने जाते हैं और उनके पुनः कार्यभार संभालने से विभागीय कार्यों में निरंतरता और मजबूती आएगी। उनके निर्देशन में अनेक शोधार्थियों के शोध कार्य को पेटेंट मिल चुका है।



## लोन देने का झांसा देकर 1.15 लाख की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने लोन देने के नाम पर 1 लाख 15 हजार रुपये से अधिक की ठगी के मामले को सुलझाते हुए गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश कर दिया गया है और मामले की गहनता से जांच जारी है। थाना साइबर रोहतक के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पाकस्मा निवासी नरेन्द्र की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत के अनुसार, नरेन्द्र के पास एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड है। 23 जनवरी 2025 को आशिमा नाम की महिला का फोन आया, जिसने स्वयं को एक्सिस बैंक की कर्मचारी बताया। उसने क्रेडिट कार्ड के 4500 रुपये के प्वाइंट रिडीम कराने और कम ब्याज दर पर लोन दिलाने का झांसा दिया। नरेन्द्र की सहमति के बाद व्हाट्सऐप पर एक लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करने पर बैंक की ऐप जैसी स्क्रीन खुली, जिसमें नरेन्द्र ने अपनी निजी जानकारी भर दी। इसके बाद एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 85,103 रुपये, 3,955 रुपये, 4,674 रुपये तथा एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड से 12,868 रुपये कटने के संदेश प्राप्त हुए। पूछने पर महिला ने इसे कार्ड चार्ज हटाने की प्रक्रिया बताया। अगले दिन 24 जनवरी 2025 को दोबारा लिंक पर क्लिक करवाया गया, जिसके बाद 8,100 रुपये और 1,000 रुपये और कट गए। इस प्रकार कुल 1,15,778 रुपये की ठगी हो गई। मामले की जांच पीएसआई अनिल द्वारा की गई।

